राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
**STATE ELECTION COMMISSION,**
**BIHAR**

**संचिका संख्या– प0नि0 30–67 / 2026**......3452
प्रेषक,

उप सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
–सह–जिला पदाधिकारी, **बिहार।**

दिनांकः–24.08.2026

विषयः– वर्ष 2011 की जनगणना के EB Wise Data का मोबाईल ऐप से प्रविष्टि किये जाने एवं **बेचिरागी** राजस्व ग्रामों को आयोग के वेबसाईट पर प्रविष्टि किये जाने के संदर्भ में आहूत Video Conferencing में भाग लेने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उर्पयुक्त विषय के संबंध में कहना है कि सरकार द्वारा वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर नये सिरे से पंचायतों का परिसीमन कराये जाने का निर्णय लिया गया है। पंचायतों का परिसीमन में वर्ष 2011 की जनगणना के क्रम में तैयार किये गए EB Wise Population, नक्शा के आधार पर (Enumeration Block) की Boundary को Mobile App के माध्यम से प्रविष्टि की जानी है। उक्त संदर्भ में आयोग स्तर से प्रशिक्षण दिया जाना जाना है।

2. वर्ष 1994–1995 के परिसीमन संबंधी जिला गजट के आंकड़ों की प्रविष्टि आयोग के पोर्टल पर किये जाने के क्रम में कतिपय जिलों द्वारा दूरभाष पर सूचना दी गई है कि कुछ बेचिरागी राजस्व ग्राम जो भौतिक रूप से उपलब्ध है परन्तु उस राजस्व ग्राम की प्रविष्टि का विकल्प राज्य निर्वाचन आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध नहीं है वैसे राजस्व ग्रामों की प्रविष्टि आयोग के पोर्टल पर किया जाना है जिसके संदर्भ में भी सभी जिलों को प्रशिक्षण दिया जाना है।

3. उपरोक्त दोनों बिन्दूओं के अनुपालन हेतु **सभी जिला पंचायत राज पदधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ दिनांक–25.08.2026 को अपराहन् 05.00 बजे से BSWAN के माध्यम** से प्रशिक्षण आहूत की गई है।

अनुरोध है कि उर्पयुक्त प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु अपने स्तर से सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को तथा उनकी टीम को निदेशित करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन
24/8/26
उप सचिव

सं.सं.–प0नि0–30–67 / 2026......3453 दिनांक–24.07.2026
प्रतिलिपि– सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी / सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश है कि ससमय अपने टीम के साथ बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करेंगें।

24/8/26
उप सचिव

सं.सं.–प0नि0–30–67 / 2026......3453 दिनांक–24.07.2026
प्रतिलिपि– SER टीम / BSWAN के टेक्निकल टीम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/8/26
उप सचिव